मध्यप्रदेश टूरिज़्म बोर्ड
Madhya Pradesh Tourism Board

क्रमांक 4995 / क्विज–22 / म.प्र.टू.बोर्ड / 2022
भोपाल, दिनांक 22 / 08 / 2022

प्रति,

समस्त जिला कलेक्टर,
जिला .... (मध्य प्रदेश)।

विषय :– पर्यटन क्विज–2022 की तिथि परिवर्तन के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा पर्यटन क्विज–2022 की जिला स्तरीय आयोजन तिथि 24 / 8 / 2022 निर्धारित की गई है। दिनांक 20 / 8 / 2022 से लगातार बारिश होने के कारण अधिकांशः क्विज मास्टर एवं क्विज नोडल अधिकारियों द्वारा व्हाटअप ग्रुप पर एवं दूरभाष पर उनके जिलों की बारिश को लेकर स्थिति से अवगत कराया जाकर क्विज आयोजन की तिथि परिवर्तन का अनुरोध किया गया है।

उक्त विषयक मध्य प्रदेश के आधिकांश जिलों में अत्याधिक बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति एवं जिला क्विज मास्टर एवं क्विज नोडल अधिकारियों के अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तर पर क्विज आयोजन की **तिथि परिवर्तित की जाकर 10 / 9 / 2022 (शनिवार) को आयोजित किये जाने का निर्णय लिया जाता है।**

उक्त विषयक दिनांक 20 / 8 / 2022 को क्विज मास्टर कार्यशाला के दौरान समस्त **जिला क्विज मास्टर्स को प्रदान की गई गोपनीय सामग्री (प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका) को समिति द्वारा गोपनीयता एवं सावधानी से सम्भाल कर रखने हेतु तथा समस्त जिलों में क्विज आयोजन की नवीन तिथि 10 / 9 / 2022 की जानकारी समस्त छात्र–छात्राओं को उनके द्वारा पंजीयन फार्म में उपलब्ध कराये गये दूरभाष पर आवश्यक रूप से अवगत कराने हेतु संबंधितों को निर्देशित करने का कष्ट करें। ताकि पंजीयन अनुसार प्रतिभागी भाग ले सके।**
प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित।

22/8/22
(विवेक श्रोत्रिय)
अपर प्रबंध संचालक

पृ. क्रमांक 4996 / क्विज–22 / म.प्र.टू.बोर्ड / 2022 भोपाल, दिनांक 22/08 / 2022
प्रतिलिपि :–निम्नलिखित की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. समस्त डिप्टी कलेक्टर / नोडल अधिकारी, (डीएटीसीसी) जिला .... (मध्य प्रदेश)।
2. डीएटीसीसी की ओर से नियुक्त क्विज नोडल अधिकारी जिला .... मध्य प्रदेश।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, जिला ....(मध्य प्रदेश)।
4. समस्त क्षेत्रीय प्रबंधक, मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, ...।
5. समस्त क्विज मास्टर, जिला .... (मध्य प्रदेश) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. पर्यटन क्विज–2022 के लिए नियुक्त प्रभारी, मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम।

22/8/22
अपर प्रबंध संचालक